भारत सरकार

विद्‌युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-572

जिसका उत्तर 21 नवम्बर, 2016 को दिया जाना है ।

वोल्टेज में उतार-चढ़ाव

572. श्री दिलीप कुमार तिर्कीः

क्या **विद्‌युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि भारत में विशेष तौर से ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति में वोल्टेज का उतार-चढ़ाव बेहद आम समस्या है; और

(ख) क्या यह भी सच है कि वोल्टेज में निरंतर उतार-चढ़ाव के कारण बिजली आपूर्ति बेकार हो जाती है और यदि हां, तो बिजली आपूर्ति में वोल्टेज के उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए मंत्रालय क्या कदम उठा रहा है?

उत्तर

विद्‌युत, कोयला, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं खान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख) : विद्‌युत एक समवर्ती सूची का विषय है। उपभोक्ताओं को पर्याप्त और गुणवत्ता विद्‌युत की आपूर्ति संबंधित राज्य सरकार/डिस्कॉमों का उत्तरदायित्व है। केंद्रीय सरकार दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई) सहित विभिन्न स्कीमों के माध्यम से राज्य सरकार के प्रयासों को बढ़ावा देती है।

भारत सरकार द्‌वारा आरंभ की गई डीडीयूजीजेवाई के अंतर्गत वितरण ट्रांसफार्मरों/फीडरों/उपभोक्ताओं पर मीटरिंग सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि एवं गैर-कृषि उपभोक्ताओं को आपूर्ति की विवेकपूर्ण रोस्टरिंग को सुकर बनाने के लिए कृषि एवं गैर-कृषि फीडरों का पृथक्करण, ग्रामीण क्षेत्रों में उप-पारेषण एवं वितरण अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण एवं संवर्द्धन के लिए प्रावधान है। ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र वोल्टेज प्रोफाइल का सुधार करने के लिए डीडीयूजीजेवाई कार्यों के अंतर्गत ग्रामीण विद्‌युत अवसंरचना को सुदृढ़ किया जा रहा है।

****